हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 19 अक्टूबर 2025



04 सोनाली ने साढ़े पांच हजार से अधिक मतों से नीलम को...





07 धनतेरस पर हर सेक्टर में बरसा धन, कारोबार...






## खबर संक्षेप

### धारिणी ज्योतिषी का सहायक प्राध्यापक पर चयन



**सागर।** कु. धारिणी ज्योतिषी का मध्यप्रदेश लोकसेवा आयोग द्वारा अर्थशास्त्र विषय में सहायक प्राध्यापक पद पर चयन हुआ है। ज्ञात हो कि कु धारिणी स्वाधीनता संग्राम सेनानी, पूर्व सांसद, विधायक एवं साहित्यकार पं ज्वाला प्रसाद ज्योतिषी के पौत्र आदर्श ज्योतिषी एवं डॉं सुनीता ज्योतिषी की पुत्री है एवं डॉं चित्तरंजन ज्योतिषी की नातिन है। कु.धारिणी नें डॉं हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सें अर्थशास्त्र में स्नात्तकोत्तर किया है, वर्तमान में वनस्थली विश्वविद्यालय राजस्थान सें अर्थशास्त्र विषय में शोध कार्य कर रहीं है। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों एवं चाहने बालो नें बधाईया दी है।

### विविः संगीत विभाग में विद्यार्थी आउटरीच कार्यक्रम आयोजित

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के संगीत विभाग में विद्यार्थी आउटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत होली फैमिली कॉन्वेंट (खुरई ) से 13 छात्र छात्राओं एवं 2 शिक्षकों ने अपने प्राचार्य के साथ विभाग भ्रमण किया । सभी ने गायन एवं तबला संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की । विद्यार्थियों ने एक विशेष गीत सीखा और अंत में प्रस्तुत भी किया । कार्यक्रम डॉ. अवधेश प्रताप सिंह तोमर के समन्वय में आयोजित हुआ । डॉ. तोमर ने कैरियर में संगीत का महत्व पर प्रकाश डाला । डॉ. राहुल स्वर्णकार ने संगीत के लिए एवं दैनिक गतिविधि से जोड़कर महत्वपूर्ण बताया । शोध छात्रा स्तुति खंपरिया ने गीत सिखाया और अन्य शोध छात्रों ने भी प्रायोगिक जानकारी प्रदान की । कॉन्वेंट के संगीत शिक्षक श्री कृष्ण कुमार करारे के मार्गदर्शन में बच्चों ने विभाग भ्रमण किया और संगीत विभाग के अध्यक्ष प्रो. अशोक अहिरवार के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में आदित्य नेमा, लक्ष्य किरार, भूमि विश्वकर्मा, आराध्या पटेरिया आदि शामिल हुए ।

### रहवासियों से चर्चा कर आवासों के आधिपत्य संबंधी दस्तावेजों की जांच की गई

# निगमायुक्त ने छत्रसाल नगर कॉलोनी की जांच के दौरान आवास बेचने वाले 22 व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देश अनुसार बाघराज वार्ड स्थित छत्रसाल नगर कॉलोनी में आवासों की जांच के दौरान मिले आवास बेचने वाले 22 व्यक्तियों के विरुद्ध मोतीनगर थाना में एफआईआर कराने के निर्देश दिए हैं। मोतीनगर थाना में राजीव आवास योजना अंतर्गत छत्रसाल आवासीय कॉलोनी बाघराज वार्ड में आवंटित आवासों का विक्रय एवं आवासों पर अनाधिकृत कब्जा करने वाले व्यक्तियों में ज्योति/ सीताराम नामदेव, शांति/शिवप्रसाद साहू, देवशंकर/ बाबूलाल सोनी, ग्याप्रसाद/कुंजविहारी तिवारी, ताराचंद/देवीलाल गुप्ता, राजेन्द्र परमानंद ठाकुर, मो. सलीम रईन/मो. बजीर, हरिशंकर/बाबूलाल नामदेव, मालती कोरी मौसम कोरी, राजेश निर्भय अहिरवार, प्रीति मनोज रजक,अनिल एच.एन.सारस्वत, संतोष बाबूलाल चौरसिया, अशोक रामचरण सोनी, पंचम अल्ले अहिरवार, मेहरूनिशा अब्दुल रईस, हरिदास नर्मदा प्रसाद, अजीम बहना/



मजीद बहना। अनाधिकृत कब्जा गायत्री शंकर दुबे, दिनेश बल्देव अग्रवाल, अयूब नफीस खान, रेशमा इल्यास अनाधिकृत कब्जा के विरुद्ध मोतीनगर थाना में एफआईआर दर्ज कराने पत्र भेजा है।उल्लेखनीय है कि नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री द्वारा गरीब परिवारों को पक्का आवास देने के लिए बनाए गये आवासों में अवैध रूप से कब्जा करने, 20 हजार रुपए जमा कर आवासों पर कब्जा करने एवं आवंटित आवास को किराए पर देने व आवासों को अनाधिकृत रूप से विकय करने की निगम के अधिकारियों के साथ रहवासियों से चर्चा कर आवासों के आधिपत्य संबंधी दस्तावेजों की जांच की गई थी। जिसमें 102 अपात्र, 209 पात्र व्यक्ति एवं 49 निगम आधिपत्य वाले आवास मिले हैं।

निगमायुक्त ने कहा कि शासन द्वारा गरीब परिवारों को स्वयं का पक्का आवास उपलब्ध कराने के लिए बाघराज वार्ड में छत्रसाल नगर कालोनी में आवास आवंटन किए थे ,जिसमें अनाधिकृत व्यक्तियों द्वारा ताला तोड़कर एवं केवल 20 हजार रुपए जमाकर कब्जा करने वाले आवासों को निगम का ताला लगाकर आधिपत्य में लिया जा रहा है तथा ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध जांच उपरांत विधि अनुसार पुलिस में एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिन व्यक्तियों ने आवास लेकर किराए पर दे दिये हैं तथा गलत तरीके से आवासों को बेच दिया है, ऐसे आवासों के आवंटन को निरस्त करते हुए उनके द्वारा जमा की गई राशि राजसात कर किराए की राशि की वसूली भी की जाएगी । निगमायुक्त ने कहा कि शीघ्र ही नगर निगम द्वारा शिविर आयोजित किया जाएगा जिसमें संबंधित पात्रता रखने वाले व्यक्तियों को राशि जमा करने पर आवास का आवंटन किया जाएगा।



## स्वदेशी विकसित भारत का आधार हैः अविराज

**मालथौन।** युवा भाजपा नेता अविराज सिंह ने धनतेरस के दिन पूर्व मालथौन के बाजार पहुंच कर स्थानीय दूकानदारों से दिए व सजावट की सामग्री खरीद कर स्वदेशी अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने जीएसटी घटाए जाने पर सस्ते हुए सामानों के विषय में उपभोक्ताओं को जागरूक किया। युवा नेता अविराज सिंह ने मालथौन नगर परिषद में पार्षदों की बैठक लेकर विकास कार्यों की समीक्षा की और कार्यस्थलों पर पहुंच कर विकास कार्यों का निरीक्षण भी किया। युवा नेता अविराज सिंह मालथौन के स्थानीय बाजार पहुंचे। उन्होंने स्थानीय भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ बाजार का भ्रमण कर माँ लक्ष्मीजी की प्रतिमा, मिट्टी के दीये, स्वदेशी एलईडी झालर तथा गौमाता के श्रृंगार की सामग्री खरीदी। आगामी त्योहारों में स्थानीय उत्पादों का उपयोग करते हुए "वोकल फॉर लोकल" और "आत्मनिर्भर भारत" के प्रति लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी उत्पादों को अपनाना ही आत्मनिर्भर और विकसित भारत का आधार है। उन्होंने हर आयु के उपभोक्ताओं और दूकान वालों से जीएसटी दरें घटने से सस्ते हुए सामानों की जानकारी दी और उचित दरों की पुष्टि की। मालथौन पहुंचे पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक प्रतिनिधि अविराज सिंह ने नगर परिषद की बैठक ली जिसमें उन्होंने विकास कार्यों की प्रगति के विषय में जानकारी ली। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने सभी नगरवासियों को धनतेरस की अग्रिम शुभकामनाएं दीं।



## क्राइस्ट कान्वेंट स्कूल में दीपावली का उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया

**रहली।** क्राइस्ट कान्वेंट स्कूल पटना बुजुर्ग में दीपावली का त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा एकत्रित की गई धनराशि एवं अन्य वस्तुएं जैसे कंबल, राशन सामग्री बर्तन एवं दीपावली पूजन में उपयोग होने वाली सामग्री आसपास के लगभग 80 जरूरतमंद लोगों को वितरित की गई । इसके साथ ही दो लोगों को उनका व्यवसाय शुरू करने के लिए 10000 की राशि वितरित की गई। अतिथि विवेक शुक्ला ने सभी बताया कि उनके द्वारा सीताराम रसोई का संचालन किया जाता है जो कि कोरोना जैसी महामारी में शुरू की गई थी जब लोग घरों से बाहर नहीं निकलते थे और ऐसे लोग जिनका न घर न कोई ठिकाना था । उनके लिए दो वक्त का भोजन मिलना मुश्किल था, तब मैने आगे आकर उनके भोजन की व्यवस्था अपने घर से बनाई फिर धीरे धीरे लोगों का सहयोग मिलता गया और आज लगभग 60–70 लोग प्रतिदिन सीताराम रसोई में भोजन करते है। साथ ही उन्होंने कहा कि छात्रों द्वारा जो राशन सामग्री की किट जरूरत मंद लोगों को दी गई है वह वास्तव में अनुकरणीय है। शिवशंकर रैकवार ने सभी बच्चों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यहां के छात्रों का अनुशासन और उनकी समाज सेवा की भावना अदभुद है।

## भाजपा पार्टी में हर कार्यकर्ता को मिलता है मान-सम्मानः गोविंद सिंह राजपूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



सुरखी विधानसभा क्षेत्र के राहतगढ़, शिकारपुर, गाजीखेड़ा, गुमरिया ग्राम के कांग्रेसियों ने अपने साथियों के साथ मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के समक्ष भाजपा की सदस्यता लेते हुए क्षेत्र के विकास में कदम से कदम मिलाकर साथ चलने का संकल्प लिया। मंत्री राजपूत ने सभी कांग्रेसियों को भाजपा का गमछा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्री श्री राजपूत ने सभी लोगों को पार्टी में शामिल होने की शुभकामनायें देते हुए कहा कि भाजपा विकास करने वाली पार्टी है जिसने हर वर्ग को ध्यान में रखकर योजनायें बनायीं और हर वर्ग को लाभ पहुंचाया। सुरखी विधानसभा क्षेत्र के हर गांव में विकास कार्य चल रहे हैं। सबसे कम समय में सबसे अधिक विकास कार्य सुरखी विधानसभा क्षेत्र में हुए हैं। आप सभी लोगों का साथ मिलने से इन विकास कार्यों में और गति आयेगी। पार्टी की सदस्यता लेने वालों ने संकल्प लिया कि क्षेत्र के विकास में वह मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेंगे ताकि क्षेत्र के विकास में अपना योगदान दें सकें।

सदस्यता लेने वाले उप सरपंच अजीत यादव शिकारपुर ने कहा कि राहतगढ़, शिकारपुर, गाजीखेड़ा, गुमरिया के हमारे सभी साथियों ने भाजपा की रीति नीति एवं मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के विकास कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ली है। हम सबका संकल्प है कि हम हमेशा मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के साथ मिलकर क्षेत्र के विकास में अपना योगदान देंगे।

भाजपा की सदस्यता लेने वालों में मुख्य रूप से नरेश यादव, मुनीम यादव, राजाराम यादव, वकील यादव, बिट्ठल सिंह यादव, दिनेश यादव, अमित यादव, राहुल यादव, गौतम यादव, सोनू यादव, सीताराम यादव, सुरेश यादव, हेमराज यादव, अनिल यादव सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे। मंडल अध्यक्ष प्रियंक तिवारी ने सभी लोगों का पार्टी में स्वागत किया।








## गुणवत्ता और विश्वसनीयता ब्रांडिंग का मूलमंत्र, खुरई की कृषि उपकरण इंडस्ट्री इसके लिए प्रसिद्धः भूपेन्द्र

**सागर।** किसी भी व्यवसाय में ब्रांड की सफलता उसकी गुणवत्ता और विश्वसनीय से तय होती है। इसमें समय लगता है लेकिन बड़ा दीर्घकालिक लाभ सुनिश्चित हो जाता है। "एक जिला एक उत्पाद" में चयनित खुरई की कृषि उपकरण इंडस्ट्री ने इन्हीं विशेषताओं के कारण देश और प्रदेश के कृषि जगत में अपना स्थान बनाया है। यह स्वदेशी उत्पादों की सफलता का बड़ा उदाहरण है। यह बात पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने यहां धनतेरस पर एक पेट्रोलियम प्रतिष्ठान के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कही। पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि खुरई के कृषि उपकरणों को मिलने वाली प्राथमिकता बताती है कि यहां की तकनीक बेहतर है। पिछले आठ सालों में खुरई में फाउंड्री की संख्या 75 हो गई। पेट्रोल पंप दो से बढ़ कर 12 हो गये। सुविधाएं और बढ़ेंगी तो और बेहतर परिणाम सामने आ सकते हैं। आयरन का डिपो हो, बड़ी कटर मशीनें हों तो छोटी छोटी इंडस्ट्रीज और लग सकती हैं और खुरई कृषि उपकरणों के क्षेत्र में देश का हब बन सकता है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास से सभी क्षेत्रों का विकास होता है। यहां इसकी संभावनाएं हैं। खुरई में भूमि की उपलब्धता, बीना नदी परियोजना से पानी की सुलभता, बीना रिफाइनरी में पेट्रोकेमिकल कांप्लेक्स, एग्रो उत्पादों की बहुलता, बीना में रेलवे गुड्स ट्रेक, सभी ओवरब्रिजों और सड़कों का निर्माण यहां है। खुरई में भी गुड्स ट्रेक बनेगा। निर्तला में दस एकड़ भूमि को औद्योगिक इकाइयों के लिए आरक्षित किया गया है जिसमें इकाइयों के लिए 35 प्लाट निकाले गए हैं। कर्मपुरा में भी इंडस्ट्रियल एरिया बन रहा है। बीना-सागर रोड को औद्योगिक कारीडोर के रूप में घोषित किया गया है। यहां उपलब्ध शासकीय भूमि को औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए चुना जा सकता है। उन्होंने खुरई के उद्योगपति परिवारों से कहा कि खुरई में फुड बैस्ड इंडस्ट्रीज अभी लगाई जा सकती हैं। फ्लोर मिल, दाल मिल के बड़े प्रोजेक्ट यहां शुरू किए जा सकते हैं। सागर में भी 1000 करोड़ की फुड प्रोसेसिंग यूनिट लग रही है। उन्होंने बताया कि खुरई में कृषि महाविद्यालय खोला गया है और मैंने अपनी 15 करोड़ विकास निधि कृषि महाविद्यालय का भवन बनाने के लिए दी है जिससे काम शुरू हो गया है। एसडीएम मनोज चौरसिया ने बताया कि भूमि नाप कर फेसिंग कार्य शुरू हो गया है, शीघ्र ही टेंडर प्रक्रिया होगी।




## खबर संक्षेप

### खाना खाने गए युवकों से मारपीट

**ललितपुर।** मोहल्ला मऊठाना निवासी रविन्द्र सिंह पुत्र जयसिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीती 15 अक्टूबर को वह खाना खाने के लिए अपने साथी चौबयाना निवासी दिलीप चौबे के साथ महेशपुरा स्थित तेज पत्ता ढ़ाबा पर रहने वाले मनीष लोधी, अनुज लोधी पुत्रगण रामदयाल व कृष्णपाल लोधी पुत्र सुजान आये और बिना कारण गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### गोवर्धन पूजा पर होंगे कार्यक्रम, निर्देश जारी

**विदिशा।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग के प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव ने सभी कलेक्टरों को गोवर्धन पर्व 22 अक्टूबर पर आयोजित कार्यक्रमों के लिए निर्देश जारी किए हैं। जिलेभर में गोशालाओं में गोवर्धन पूजा, गोपूजन, गोग्रास कार्यक्रम, गोसेवकों का सम्मान एवं गोमय-पंचगव्य उत्पादों पर संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। पर्व धार्मिक परंपराओं व जनभावनाओं के अनुरूप मनाया जाएगा। कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और आमजन को आमंत्रित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### पुलिस ने 4 अधिकारियों को दी सम्मानपूर्ण विदाई

**विदिशा।** गुरुवार को रिवरसाइड मेडॉस में आयोजित समारोह में विदिशा पुलिस परिवार ने चार वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सेवानिवृत्ति पर सम्मानपूर्वक विदाई दी। एसपी रोहित काशवानी ने श्रीफल, शाल एवं मोमेंटो भेंट कर उनके योगदान की सराहना की। सम्मानित अधिकारियों में वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी विनोद कुमार श्रीवास्तव, उप निरीक्षक जमना प्रसाद मालवीय, सहायक उप निरीक्षक ओमप्रकाश रघुवंशी एवं रामेश्वर सिंह जाट शामिल रहे।

### पशु चिकित्सा इकाई और टीकाकरण की कोल्ड चैन का निरीक्षण

**विदिशा।** जिले में पशुपालन एवं डेयरी विभाग के पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम के सत्यापन हेतु क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया के विशेषज्ञ डॉ. विपिन तोमर द्वारा चलित पशु चिकित्सा इकाई (1962) योजना तथा टीकाकरण की कोल्ड चैन का निरीक्षण किया गया। इसी तारतम्य में उनके द्वारा विदिशा विकासखंड की चलित पशु चिकित्सा इकाई, जिले में विभाग द्वारा औषधि खरीदी एवं वितरण की प्रक्रिया, टीकाद्रव्य के भंडारण एवं वितरण के उपकरणों, ग्राम छापखेड़ी में पशुओं में किए गए टीकाकरण तथा ग्राम मढिया में चलित पशु चिकित्सा इकाई द्वारा किए जा रहे कार्यों की गहन समीक्षा कर प्रतिवेदन क्यूसीआई भारत सरकार को प्रेषित किया गया। इस दौरान उपसंचालक डॉ. नरेंद्र कुमार शुक्ला, डॉ आरबी बघेल, डॉ. संजय भारतीय एवं डॉ. आकाश शुक्ला मौजूद रहे।

### नकद इनाम की घोषणा

**विदिशा।** एसपी ने थाना कोतवाली में दर्ज अपराध की विभिन्न धाराओं के दो फरार आरोपी सौरभ पुत्र वीरेन्द्र यादव एवं दिव्यांश यादव उर्फ बिट्टू निवासी स्वर्णकार कॉलोनी की सूचना देने वालो को तीन-तीन हजार रुपए प्रत्येक पर नगद राशि देने की घोषणा की है।

### प्रतिबंधित व अवमानक दवाइयों पर कार्रवाई तेज

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर जिले में औषधि निरीक्षक द्वारा मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण किया गया। छिंदवाड़ा में कफ सीरप से हुई बच्चों की मौत के बाद प्रतिबंधित एवं अवमानक दवाओं की जांच युद्धस्तर पर जारी है। जांच में रेस्पीफ्रेश टीआर 60 एमएल (बैच RO1GL2523) और रिलीफ सिरप 60 एमएल (बैच LSL25160) अवमानक पाई गईं। एसडी फार्मा, नेहा सेल्स एजेंसी, नेमा मेडिकल स्टोर सिरोंज और सांवरी मेडिकल एजेंसी गंजबासौदा से मिले कुल 499 दवाओं के स्टॉक को तत्काल प्रभाव से फ्रीज किया गया। 8 नमूने विश्लेषण हेतु भोपाल प्रयोगशाला भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी।

---

## नगर पालिका अध्यक्ष पद के उप चुनाव में भाजपा की भारी जीत

# सोनाली ने साढ़े पांच हजार से अधिक मतों से नीलम को दी बड़ी शिकस्त





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नगर पालिका परिषद के प्रतिष्ठापूर्ण अध्यक्ष पद के मतगणना में सत्तादल भारतीय जनता पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी सोनाली जैन को विजयीश्री प्राप्त हुयी, जबकि उनकी निकटतम प्रतिद्वंदी को साढ़े पांच हजार कम वोट प्राप्त हुये। निर्दलीय प्रत्याशियों का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा, वह सैकड़ा का अंक भी बड़ी मुश्किल से प्राप्त कर सकीं। मतगणना के प्रथम राउण्ड की गिनती के दौरान भाजपा प्रत्याशी सोनाली जैन को 4636 मत प्राप्त हुये, जबकि उनकी निकटतम सपा प्रत्याशी नीलम चौबे को 4089 मत प्राप्त हुये, वहीं निर्दलीय प्रत्याशी नाजरीन को 84 मत, मीना राजा को 45 और नोटा के 38 मत मिले। इस प्रकार कुल 9153 मतों में से 8892 मत विधिमान्य पाये गये। वहीं 261 मत अवैध घोषित किये गये। दूसरे राउण्ड में भाजपा प्रत्याशी सोनाली जैन को 5222 मत प्राप्त हुये, जबकि उनकी निकटतम सपा प्रत्याशी नीलम चौबे को 3871 मत प्राप्त हुये, वहीं निर्दलीय प्रत्याशी नाजरीन को 54 मत, मीना राजा को 35 और नोटा के 30 मत मिले। इस प्रकार कुल 9443 मतों में से 9212 मत विधिमान्य पाये गये। वहीं 231 मत अवैध घोषित किये गये। तीसरे राउण्ड में भाजपा प्रत्याशी सोनाली जैन को 4427 मत प्राप्त हुये, जबकि उनकी निकटतम सपा प्रत्याशी नीलम चौबे को 3181 मत प्राप्त हुये, वहीं निर्दलीय प्रत्याशी नाजरीन को 55 मत, मीना राजा को 22 और नोटा के 25 मत मिले। इस प्रकार कुल 7905 मतों में से 7710 मत विधिमान्य पाये गये। वहीं 195 मत अवैध घोषित किये गये। चौथे राउण्ड में भाजपा प्रत्याशी सोनाली जैन को 5340 मत प्राप्त हुये, जबकि उनकी निकटतम सपा प्रत्याशी नीलम चौबे को 3178 मत प्राप्त हुये, वहीं निर्दलीय प्रत्याशी नाजरीन को 59 मत, मीना राजा को 27 और नोटा के 48 मत मिले। इस प्रकार कुल 8788 मतों में से 8652 मत विधिमान्य पाये गये। वहीं 136 मत अवैध घोषित किये गये। पांचवें राउण्ड में भाजपा प्रत्याशी सोनाली जैन को 5121 मत प्राप्त हुये, जबकि उनकी निकटतम सपा प्रत्याशी नीलम चौबे को 5088 मत प्राप्त हुये, वहीं निर्दलीय प्रत्याशी नाजरीन को 77 मत, मीना राजा को 23 और नोटा के 25 मत मिले। इस प्रकार कुल 10512 मतों में से 10334 मत विधिमान्य पाये गये। वहीं 178 मत अवैध घोषित किये गये। आखिरी और छठवें राउण्ड में भाजपा प्रत्याशी सोनाली जैन को 1334 मत प्राप्त हुये, जबकि उनकी निकटतम सपा प्रत्याशी नीलम चौबे को 1117 मत प्राप्त हुये, वहीं निर्दलीय प्रत्याशी नाजरीन को 13 मत, मीना राजा को शून्य और नोटा के 6 मत मिले। इस प्रकार कुल 2516 मतों में से 2470 मत विधिमान्य पाये गये। वहीं 46 मत अवैध घोषित किये गये।

### भाजपा प्रत्याशी सोनाली जैन को 26080 मत प्राप्त हुए

कुल मतों की बात करें तो छह राउण्ड की मतगणना उपरान्त भाजपा प्रत्याशी सोनाली जैन को कुल 26080 मत प्राप्त हुये, जबकि सपा प्रत्याशी नीलम चौबे को 20524 मत प्राप्त हुये, जिसके चलते भाजपा प्रत्याशी सोनाली जैन अपने निकटतम प्रतिद्वंदी नीलम चौबे से 5556 मतों से हराकर विजयी घोषित की गयी। प्रेक्षक के साथ डीएम-एसपी ने लिया मतगणना स्थल का जायजा लिया अमरपुर मण्डी में सम्पन्न मतगणना को लेकर प्रशासन व पुलिस सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रही । मतगणना के दौरान व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रेक्षक अपर आयुक्त झांसी उमाकांत त्रिपाठी, जिलाधिकारी अमनदीप डुली व पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के साथ मतगणना स्थल पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से वार्ता कर निर्देशित भी किया।

### राज्यमंत्री मन्नू, कोरी के संग भाजपाइयों ने जमकर किया डांस

नपा अध्यक्ष पद के लिए उपचुनाव में मतगणना स्थल के बाहर लगाये गये टेण्ट में भाजपाईयों अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी हरिश्चंद्र रावत राज्य मंत्री मनोहर लाल पथ मन्नू कोरी के साथ भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ताओं के साथ बैठे रहे । जैसे ही भाजपा प्रत्याशी सोनाली जैन के विजयी होने की घोषणा हुयी तो भाजपा के खेमे में मौजूद राज्यमंत्री मनोहरलाल पंथ अपने समर्थकों के साथ ढोल की थापों पर जमकर थिरके, जबकि मौके पर मौजूद सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, वरिष्ठ भाजपा नेता कोस्तुभ चौबे समेत अनेकों भाजपाई हर्षोल्लास में नजर आये।

---

## कॉलेज को मिली दूसरी देह

# शांति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने कराया देहदान



**ललितपुर।** महानगर झांसी के पठौरिया की मूल निवासी 54 वर्षीय कुमकुम आर्या पुत्री गनपत आर्या की मानव देह स्वशासी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय (मेडीकल कॉलेज) के लिए दान की गयी। मेडीकल कॉलेज को यह दूसरी मानव देह प्राप्त हुयी है। इस मानव शरीर के जरिए महाविद्यालय में चिकित्सा पद्धति की शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों को शल्य चिकित्सा का गहन अध्ययन हो सकेगा। गौरतलब है कि कुमकुम आर्या पेशे से नर्स थी और स्वास्थ्य कार्यकर्ता के रूप में कार्य करती थीं। जीवन पर्यन्त अविवाहित रहते हुये उन्होंने मानवसेवा में अपना सर्वस्य न्यौछावर कर दिया था। वर्तमान में वह ललितपुर में रामनगर स्थित आरएमव्ही कॉलेज के पास स्थित मा. कांशीराम शहरी आवास कालोनी में निवासरत थीं। उनके निधनोपरान्त उन्हें सम्मान के साथ मेडीकल कॉलेज के लिए मृतका के परिजन डा. संजय मिकी, नीमा मिकी, गणेश बेनीवाल, उर्मिला, गौरव ज्योति, सत्यजीत, अविनाश, बाबूलाल के समक्ष ट्रस्ट संस्थापक खुशालचंद्र साहू द्वारा मेडीकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डा. मयंक कुमार शुक्ला को सौंपा गया। शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट एवं स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर के संयुक्त तत्वावधान में देहदान कार्य किया गया। बताया जा रहा है कि 54 वर्षीय कुमकुम आर्या जो की पेशे से नर्स थीं, उन्होंने अपने जीवन काल में ही अपने देहदान का संकल्प ले लिया था। मृत्यु के उपरांत उनके परिजनों ने उनके संकल्प का सम्मान करते हुए शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर के एनाटॉमी विभाग को दान किया। उनके परिजनों ने बताया कि उन्होंने जीवन में जो भी कमाया सदैव उसका उपयोग दूसरों की मदद करने पर खर्च किया ता उम्र अविवाहित रहकर दूसरों के सुख-दुख में काम आतीं रहीं और आज मौत के बाद भी अपना शरीर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान हेतु दान कर गयीं। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक सीएमएस डा. गजेन्द्र सिंह, एनाटॉमी विभागाध्यक्ष इं.डा. मोनिका जायसवाल, मैनेजर डा.नन्दलाल यादव, भरत सिंह, मयंक पटैरिया, शिशुपाल, प्रशासनिक अधिकारी सीओ सिटी अजय कुमार, प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी, जितेन्द्र कुमार गनर के अलावा संकल्पित देहदानी मुन्नीदेवी साहू, चन्द्रप्रभा वर्मा, गौरीशंकर सेन, सुखदयाल रोंड़ा, शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह बुंदेला, कोषाध्यक्ष सुषमा साध, मंत्री रामस्वरूप पटेल, देहदान प्रभारी अंकुर जैन, श्याम बिहारी शिक्षक, आदर्श साध, कृष्णपाल सिंह, अनिल बुड़ेरा, मीडिया प्रभारी अमित लखेरा व देवेन्द्र साहू मौजूद रहे। संचालन महामंत्री राजपाल सिंह फौजी व आभार मेडिकल कॉलेज प्रधानाचार्य डा. मयंक शुक्ला ने जताया।

---

## त्योहारों के मद्देनजर पुलिस बरत रही सतर्कता

# बैंकों दुकानों पर संदिग्धों की तलाश, मिशन शक्ति पर महिलाओं को किया जागरुक

**मड़ावरा।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस क्षेत्राधिकारी मड़ावरा कृष्णकुमार मिश्र एवं कोतवाल प्रभारी अशोक कुमार वर्मा समेत भारी पुलिस फोर्स ने त्योहारों के मद्देनजर कस्बा बैंको में विशेष चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्धों की तलाश की गई। गुरुवार को कस्बा के मुख्य भीड़भाड़ वाले चौराहे बस स्टैंड, मुख्य बाजार तिराहे, बाजार, बैंकों में त्योहारों को लेकर सघन अभियान चलाया गया।

कस्बा की बैंकों में दलाली में लिप्त संदिग्धों की तलाशी की गई। वही बैंक उपभोक्ताओं से दलालों के चंगुल में फंसाने की सलाह दी गई। वहीं कस्बा में त्योहारों पर उमड़ रही भीड़ को देखते हुई मुख्य बाजारों में पुलिस ने गश्त कर गाँव क्षेत्र से बाजार में आई महिलाओं को पम्पलेट पोस्टर बाँटकर मिशन शक्ति-5 फेज पर जागरूक किया गया। साथ ही दुकानदारों से वार्ता कर संदिग्ध व्यक्ति बाजार क्षेत्र में दिखाई दें, तो तुरंत पुलिस को सूचित करने की बात कही। पुलिस जनता के साथ है निडर निर्भीक होकर पुलिस की मदद करे। इस दौरान कोतवाल प्रभारी अशोक कुमार वर्मा उपनिरीक्षक दिनेश त्रिपाठी राजेश कुमार सोनू सिंह हेडकांस्टेबल नरेंद्र सिंह प्रदीप कुमार समेत महिला पुलिस फोर्स मौजूद रही ।

## खेत बंटवारे का विवाद

# विरोध करने पर मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

तालबेहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम ककड़ारी में रहने वाले देवीप्रसाद पुत्र स्व.धुन्धे अहिरवार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 16 अक्टूबर को सुबह 10 बजे वह अपने खेतों पर गया था। इतने में मेरे ही परिवार रामदयाल पुत्र गुल्ला, सोनू पुत्र रामदयाल, सुरेन्द्र पुत्र रामदयाल, हरीराम पुत्र नथुवा लोग खेतों पर आये और खेत के बंटवारे को लेकर गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट कर दी। बचाव करने आये पत्नी फूला के साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## धर्म प्रसार विश्व हिंदू परिषद द्वारा संत बैठक आयोजित

# युवाओं में नशे की लत समाज को कमजोर कर रही, संत समाज को भूमिका निभाना होगा

### कुरीतियों को दूर करने के लिए बुद्धि जीवियों को आगे आना होगा सभी स्वच्छ समाज का निर्माण होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

धर्म प्रसार विश्व हिंदू परिषद द्वारा मडवारा प्रखंड के भौती गांव मैं आयोजित संत बैठक को प्रांत के धर्म प्रचार सह प्रमुख चंद्रिका दीक्षित ने संबोधित करते हुए कहा कि आज युवाओं में बढ़ती हुई नशे की लत समाज को कमजोर कर रहा है इस ओर संत समाज को अहम भूमिका निभाना होगा इसके अलावा अभिभावकों को भी इस ओर ध्यान देना होगा समाज में व्याप्त कुरितियो को दूर करने में बुद्धि जीवियों को आगे आना होगा सभी स्वच्छ समाज का निर्माण होगा।

उन्होंने कहा कि आज प्रदूषण की समस्या भी गंभीर रूप ले लिया इससे निपटने के लिए हमें वृक्षों को अधिक से अधिक संख्या में लगाना होगा तभी हमें शुद्ध वायु की प्राप्ति होगी और जीवन सरल होगा। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष राकेश सोनी, जिला संगठन मंत्री अमन त्रिपाठी, धर्म रक्षक बलराम सिंह के अलावा संत व ग्रामीणों ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किया।

---

# गौरांवित सिंह ने एनडीए एंट्रेंस परीक्षा पास कर नाम रोशन किया



**ललितपुर।** नगर के गौरांवित सिंह ने एनडीए एंट्रेंस एग्जाम पास कर अपने स्कूल और परिवार का नाम रोशन किया है। गौरवान्वित अब राष्ट्रीय डिफेंस अकादमी पूना में 4 वर्ष के कठोर प्रशिक्षण उपरांत भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के रूप में राष्ट्रसेवा करेंगे। शहर क्षेत्र के मोहल्ला गोविंदनगर निवासी भारतीय सेना में सेवारत शीलेंद्र सिंह और बेसिक शिक्षा विभाग सहायक अध्यापक गीता सिंह के बेटे गौरांवित की प्रारंभिक शिक्षा नगर में ग्रहण कर हाईस्कूल और इंटर तक शिक्षा राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल बेंगलौर में हुई। बचपन से प्रतिभाशाली रहे गौरांवित सिंह ने वर्ष 2021 में रसायन विज्ञान की आवर्त सारणी को 31.10 सेकेंड में सुनकर इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड में जगह बनाई थी। गौरांवित के पिता के अलावा उनके दादा भी भारतीय सेना में सेवाएं दे चुके हैं, गौरांवित की इस उपलब्धि पर उनके परिवारजनों, शिक्षकों और मित्रों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## अवैध खनन कर रहे दो पर एफआईआर

# वनाधिकारी ने दो लोगों के खिलाफ अवैध कटान का आरोप लगाया

**ललितपुर।** शातिर वन अपराधी होने का हवाला देते हुये उप क्षेत्रीय वनाधिकारी ने दो लोगों के खिलाफ अवैध कटान किये जाने का आरोप लगाया है। उप क्षेत्रीय वनाधिकारी मनीष कुमार गौड़ ने कोतवाली पुलिस को दिये शिकायती पत्र में बताया कि गुरूवार 16 अक्टूबर को उन्हें मुखबिर से सूचना मिली। सूचना के आधार पर उन्होंने ग्राम बैरवारा में निजी काश्तकारी भूमि पर खड़े आम के वृक्षों का थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम देवरान निवासी श्रीराम पुत्र मथुराप्रसाद व नीरज पुत्र रामस्वरूप द्वारा कटर मशीन से अवैध कटान किया जा रहा था, जिन्हें मौके पर विधिक कार्यवाही करते हुये गिरफ्तार कर रेन्ज कार्यालय ले जाया गया। बताया कि अवैध कटान के सम्बन्ध में उक्त लोग कोई विधिक परमिट प्रस्तुत नहीं कर सके। उक्त लोगों के खिलाफ वन अधिनियम 1976 के अंतर्गत के अन्तर्गत एच.2 केस जारी किया गया। यह भी आरोप है कि श्रीराम व नीरज द्वारा रेन्ज कार्यालय में कार्यवाही के दौरान सरकारी कार्य में बाधा डालते हुये गालियां देकर जान से मारने की धमकी दी गयी। कोतवाली पुलिस ने उप वनाधिकारी की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 221, 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## नशे में धुत्त होकर मारपीट का आरोप

# पीड़ित कबाड़ की दुकान पर खाना खा रहा था, कुछ लोगों ने मारपीट की

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला रैदासपुरा में रहने वाले राजेश अहिरवार पुत्र अच्छेलाल ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीते बुधवार को सुबह करीब 10.30 बजे अपनी कबाड़ की दुकान पर खाना खा रहा था, तभी रामनगर निवासी मौसम उर्फ हैरी पुत्र बहादुर कुशवाहा, पम्मी पुत्र भजन, अमित उर्फ अम्मू पुत्र भजन अपने साथ कुछ अज्ञात लोगों के साथ शराब के नशे में धुत्त होकर आये। कबाड़े की दुकान गालियां देते हुये जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये अपमानित किया और मारपीट शुरू कर दी। शोरगुल सुनकर साथ में खाना खा रहे परशुराम यादव पुत्र दउवा, संतोष, राकेश व अन्य लोग मौके पर आ पहुंचे और बचाव किया। जब पीड़ित ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी, तो पुलिस मौके पर पहुंची, जिसे देखकर उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 115 (2), 351 (3) व एससीएसटी एक्ट की धारा 3 (1)(द), 3 (1)(घ) व 3 (2)(व्ही.ए.) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

# बाइक से टक्कर मारी, बहू के घायल होने पर एफआईआर

**ललितपुर।** महरौनी के ग्राम बजर्रा निवासी दिस्सू पुत्र भगोले ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 8 अक्टूबर को शाम करीब 5 बजे उसका पुत्र अच्छेलाल अपनी मोटर साइकिल पर अपने भाई अनन्दी व भाभी को बैठाकर मोटर साइकिल से महरौनी आ रहा था। जैसे ही ग्राम समोगर की बड़ी नहर किनारे चल रहा था। इसी बीच थाना बानपुर के ग्राम अमौरा निवासी शिवलाल पुत्र सुम्मे ने अपनी मोटर साइकिल संख्या एम.36 जेड.ई. 6761 को तेज रफ्तार से चलाकर जोदार टक्कर मार दी, जिससे बहू ऊषा के साथ उक्त लोग घायल हो गये। बताया कि उपचार के लिए उसकी बहू को सीएचसी महरौनी में भर्ती कराया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर उसे ललितपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### कुंए में गिरने से मासूम की मौत


**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम बस्तगुवां में एक दर्दनाक हादसा प्रकाश में आया है। हादसे में एक 9 वर्षीय मासूम की कुंए में डूबकर मौत होने की खबर मिली है। बताया जा रहा है कि बस्तगुवां निवासी मनी का 9 वर्षीय पुत्र अभिषेक घर के बाहर खेल रहा था। तभी खेलते समय वह कुंए में गिर गया और डूबने लगा। तभी आसपास के लोगों ने देखा और उसे कड़ी मशक्कत के बाद डायल 108 एम्ब्युलेंस के जरिए उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर परिजनों ने बच्चे के पोस्टमार्टम के लिए मना करते हुए कागजी कार्रवाई की और शव को साथ लेकर चले गये।

## धनतेरस पर परिचर्चा का आयोजन किया गया

# 'धरती, धूप, पानी, हवा से जन्मा धन मेरा नहीं, तेरा है'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

धनतेरस पर आयोजित परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि कार्तिक मास की कृष्ण त्रयोदशी पर सागर मंथन में अमृत कलश के साथ प्रकट हुए आयु के वेद अर्थात स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मष्तिष्क के प्रतिष्ठापक भगवान धन्वंतरि के अवतरणोत्सव का प्रेरक प्रसंग है। आयु की अवधि श्वांसो पर निर्भर है, न कि काल पर निर्धारित है। आयुर्वेद हमारी एक एक श्वांस - प्रश्वांस पर अर्जुन दृष्टि रखते हुए परिपूर्णता के साथ जीवन जीने का विज्ञान एवं कला का संयुक्त रूप है। आयुर्वेदिक उक्ति के अनुरूप यदि हम रोटी को पीने और दूध को खाने की कला के मर्म को जान जाएँ तो हम दौड़ते हुए चल सकते हैं। एकांत में गुनगुनाते हुए, अपने मानसिक बोझ से सहज ही मुक्त हो सकते हैं। हमारी संस्कृति में विपत्ति का सामना करने के लिए, संपत्ति को जरूरी बताया गया है। आसन्न महालक्ष्मी पूजन से दो दिन पूर्व धनतेरस मनाने का विधान यह संदेश देता है कि अर्जित धन मेरा नहीं, तेरा है। अर्थात धरती, धूप, आग, पानी, हवा की वाहिका श्रम की देवी लक्ष्मी का है। शास्त्रों में धन को दृव्य कहा गया है। नदी की तरह द्रवणशीलता - तरलता ही धन का प्राणतत्व है। लोक व्यवहार में धन को हाथ का मैल कहा जाना भी न्यायसंगत है क्योंकि हाथ से काम करने पर श्रम का जो अर्क है, उसी का संचित रूप पसीना ही वस्तुतः हाथ का मैल - संपत्ति के अर्थ का द्योतक है। श्रम जीवित पूंजी है जो



निर्जीव चल-अचल संपत्ति को जन्म देती है किन्तु यही मृत पूंजी सदियों से जीवित श्रम के पीछे हाथ धोकर पड़ी है । संस्कृत भाषा कितनी पारदर्शक है जो कहती है 'कर' काम करने के लिए ही 'कर' कहलाते हैं और कर से काम करने वाला ही सच्ची हँसी जीवन भर हँस सकता है, इसीलिए 'कर' का दूसरा पर्यायवाची 'हस्त' कहलाता है जिसमें हास धातु लगी है। वैदिक ऋृषियों ने कहा है जो देवता अग्नि, वायु,जल तथा औषधियों और वनस्पतियों में है, उसी अद्वैत को मैं प्रणाम करता हूँ क्योंकि 'वे' और 'हम' एक हैं ।

गोस्वामी तुलसीदास चित्रकूट के उस प्रसंग में जिसमें भरत भगवान राम को अयोध्या लौट चलने की आयोजित सभा में जब आग्रह करते हैं तो मर्यादा पुरुषोत्तम उन्हें निरुत्तर करते हुए कहते हैं कि पिता के न रहने पर हमलोगों को और अधिक निष्ठापूर्वक उनके आदेश का पालन करना चाहिए । मुझे उन्होंने वनवास की विपत्ति नहीं बल्कि ऐसी सम्पत्ति दी है जिसके बल पर हम वनवासियों की विपत्ति को जड़मूल से खत्म कर दें । और तुम्हें अयोध्या सौंपी है , ताकि तुम धरती को 'अ-युद्ध' बनाकर इसके अयोध्या नाम को सार्थकता प्रदान कर सको । सभी जानते हैं कि रावण पर विजय की खुशी में हम सभी दीपों का त्योहार मनाकर हर्षोल्लास व्यक्त करते हैं, न कि निर्जीव धन-सम्पत्ति की उपासना । रामकथा सुंदरकांड में ही हनुमानजी सोने की लंका को जलाकर कांचनमुक्ति का संदेश देते हैं जिससे कि मायातुर 'तूं तूं मैं मैं ' की जड़ ही कट जाये ।

### ग्राहकों से गुलजार रहा बाजार, दीपोत्सव की हुई शुरूआत

# धनतेरस पर हर सेक्टर में बरसा धन, कारोबार पांच करोड़ के पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

दीप पर्व दीपावली की शुरूआत शनिवार को धनतेरस से हुई। खरीदारी के लिए विशेष संयोग होने से जिले में खूब धन बरसा। शहर सहित जिले भर में लोगों ने जमकर खरीदारी की। पांच करोड से अधिक का कारोबार होने का अनुमान है। बड़ी संख्या में लोगों ने जेवरात, सोने-चांदी के सिक्के, इलेक्ट्रानिक सामान, गिफ्ट आइटम, बर्तन, बाइक, ट्रैक्टर और कार से लेकर घरेलू साज-सज्जा का सामान खरीदा। कुछ लोगों ने ऑनलाइन खरीदारी भी की। धनतेरस पर शहर सहित अंचलभर के बाजारों में दिनभर खरीदारों की भीड़ उमड़ी। बाजार में सराफा, इलेक्ट्रानिक, रेडीमेड कपड़ों की दुकान के अलावा आटो मोबाइल सेक्टर में रौनक रही। दोपहर बाद बाजार में भीड़ के कारण पैर रखने की जगह नहीं थी। व्यापारियों की मानें तो धनतेरस पर जिले में 5 करोड़ से अधिक का कारोबार होने की उम्मीद है। मुख्य बाजार में आटो, चार पहिया वाहन नहीं जा सकें, इसके लिए पुलिस ने गोलंबर और मेन बाजार के पास बेरिकेड्स लगाकर जवानों को तैनात किया।





#### छह दिन छाया रहेगा दीपोत्सव का उल्लास

यूं तो दीपावली का त्यौहार पांच दिनों तक मनाया जाता है,लेकिन इस बार दीपावली का त्यौहार छह दिनों तक मनाया जाएगा। दरअसल इस दफा अमावस्या तिथि दो दिन पड रही है और महालक्ष्मी पूजन कार्तिक अमावस्या को किया जाता इसके चलते शहर सहित जिलेभर में महालक्ष्मी पूजन दो दिनो तक यानि 20 अक्टूबर और 21 अक्टूबर को किया जाएगा। जबकि गोवर्धन पूजा 22 अक्टूबर और भाईदौज 23 अक्टूबर को मनाई जाएगी। ऐसे में 18 अक्टूबर से शुरू हुआ दीपोत्सव का उल्लास 23 अक्टूबर तक जिलेभर में छाया रहेगा।

#### सराफा बाजार

सोने-चांदी के अभूषण की दुकानों पर सुबह 11 बजे के बाद खरीदारों की भीड़ आना शुरू हुआ। खरीदारी के लिए महिलाओं में अधिक उत्साह दिखा। सराफा व्यापारी की माने तो धनतेरस पर इस बार महिलाएं नई डिजायन के मंगलसूत्र, चूड़ी, कान के बाला, छोटे-छोटे टाप्स और चांदी की पायल, बिछिया खरीदना पसंद कर रही हैं। जिले में लगभग 80 लाख से ज्यादा का कारोबार होने की जानकारी मिली है।

#### ऑटोमोबाइल

ऑटोमोबाइल शोरूम संचालकों ने धनतेरस को लेकर पहले से ही दोपहिया वाहनों का स्टाक मंगा लिया था। लोगों ने बाइक खरीदने के लिए एडवांस में बुकिंग करा ली थी। शुक्रवार को बजाज, हीरो,होंडा, टीवीएस सहित अन्य आटो मोबाइल के शोरूम पर खरीदारों की भीड़ रही। जिलेभर में आटो मोबाइल सेक्टर के अलावा ट्रैक्टर, ऑटो आदि का डेढ़ करोड़ से ज्यादा का कारोबार हुआ है।

#### बर्तन की दुकान

धनतेरस पर सबसे अधिक मांग बर्तनों की होती है। बाजार में इस बार स्टील के बर्तन के अलावा ओवन, इंडेक्शन कुकर के अलावा टंकी, गिलास, थाली, चम्मचों का सेट की विशेष मांग है। बर्तन भंडार के संचालक की मानें तो जिलेभर में करीब 80 लाख रुपये से अधिक का कारोबार हुआ है।

#### इलेक्ट्रानिक्स बाजार

इलेक्ट्रानिक्स शोरूम पर एलईडी टीवी, होम थियेटर, फ्रिज, वाशिंग मशीन, पानी फिल्टर के लिए आरो, प्रेस सहित अन्य उपकरणों की मांग विशेष रही। इलेक्ट्रॉनिक्स कारोबार से जुड़े आशीष कुमार की मानें तो जिले में इलेक्ट्रानिक्स बाजार में करीब 90 लाख रुपए का कारोबार होने का अनुमान है।

#### कपड़ा बाजार

रेडिमेड शोरूम पर युवाओं की खासी भीड़ रही। अलग से दिखने के लिए युवा बांबे पेटर्न के सिले कपड़ों की अधिक मांग रही। त्योहार के चलते रेडिमेड शोरूम संचालकों ने पहले से ही नई बैराटियों के कपड़े मंगा लिया थे। इन दुकानों पर देर रात तक खरीदारों की भीड़ रही। धनतेरस पर जिलेभर के कपड़ा बाजार में करीब 40 लाख रुपये का कारोबार हुआ है।

#### मोबाइल

रेडिमेड कपड़ों की खरीदारी के बाद मोबाइल शाप पर युवाओं की अधिक भीड़ रही। मोबाइल शोरूम पर लोगों को मनपंसद माडल खरीदने के लिए युवाओं की भीड़ लगी थी। ब्राडेंड कंपनियों के मोबाइल की बेहद मांग दिखी। शहर सहित जिलेभर में करीब 4 लाख रुपये से अधिक की बिक्री हुई है। उधर सजावटी सामान भी खूब बिका।

### राडेप के किसान के साथ श्योपुर में हुई वारदात, बैग में रखे थे 90 हजार रुपए

# पहले काटी बाइक की बायरिंग,फिर दुकान से पार किया किसान का रुपयों से भरा बैग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

दीपावली की खरीदारी करने के लिए श्योपुर आए किसान का दिन दहाडे उस समय रूपयों से भरा बैग पार हो गया,जब किसान एक साडी की दुकान में खरीदारी करने के लिए पहुंचा था। यह घटना शहर के जीवनटॉकिज गली स्थित एक साडी दुकान में घटित हुई। बैग में 90 हजार रूपए रखे हुए थे, बैग को पार करके भागे आरोपियों का फिलहाल कोई अता पता नहीं है,लेकिन दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में तीन संदिग्ध लडके कैद हुए है। खास बात यह है कि पीडित किसान ने सीसीटीवी कैमरे देखने के बाद तत्काल संदिग्धों को पकडने के लिए दुकान के बाहर रखी अपनी बाइक उठाई तो बाइक की बायरिंग कटी हुई मिली और बाइक चालू न होने के कारण किसान तत्काल संदिग्धों के पीछे नहीं भाग सका। इससे अंदेशा जताया जा रहा है कि आरोपियों ने इस बैग को पार करने से पहले किसान की दुकान के बाहर खडी बाइक की बायरिंग काटी,ताकि किसान पता चलने पर उनका पीछा नहीं कर सके। कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपियों पर मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।




पुलिस के मुताबिक ग्राम राडेप निवासी परेश्वर सिंह पुत्र मोहन सिंह जाट गत 15 अक्टूबर को दीपावली की खरीदारी करने के लिए परिवार के लोगों के साथ श्योपुर के बाजार में आया था। श्योपुर पहुंचने पर परेश्वर सिंह ने सबसे पहले पाली रोड स्थित बैंक ऑफ इंडिया कार्यालय पहुंचकर खाते से 1 लाख रूपए निकलवाए। 1 लाख रूपयों को अपने पास रखे बैग में रखकर परमेश्वर जीवनटॉकीज गली स्थित एक साडी दुकान पर पहुंचा,जहां उसने दुकान के बाहर अपनी बाइक खडी कर दी और अपने बैग से 10 हजार रूपए की राशि निकालकर पेंट की जेब में रख लिए और शेष 90 हजार रूपए बैग में ही रखे लिए। इसके बाद किसान दुकान अंदर के पहुंच गया,जहां उसने अपना बैग टेबल पर रखा। जरा सा ध्यान हटते ही टेबल पर रखा बैग पार हो गया। जिसका पता 5 मिनट बाद चलते ही किसान ने अपना बैग ढूंढा,जब नहीं मिला तो दुकान के सीसीटीवी कैमरा खंगाला तो तीन संदिग्ध लडके दुकान के अंदर आते और फिर बाहर जाते दिख रहे है। अंदेशा जताया जा रहा है कि ये तीनो संदिग्ध लडके ही किसान का बैग पार करके भागे है।

#### बाहरी लग रहे संदिग्ध, बैंक से ही लग गए थे किसान के पीछे

90 हजार रूपए से भरे बैग को पार करके भागे आरोपियों का फिलहाल केई अता पता नहीं है। लेकिन सीसीटीवी कैमरे में दिख रहे संदिग्ध लडके ही असली आरोपी नजर आ रहे है। जो बाहरी होने के साथ साथ शातिर भी लग रहे है। बताया जा रहा है कि तीनो संदिग्ध लडके किसान परमेश्वर के पीछे बैंक से रूपए निकालते ही लग गए थे, जो सीधे किसान का पीछा करते हुए जीवनटॉकीज गली में पहुंच गए। जहां उन्होने वारदात को अंजाम देने से पहले किसान की बाइक की बायरिंग काटी। ताकि पता चलने पर किसान उनके पीछे बाइक लेकर न दौड पडे।

#### इनका कहना..

किसान की रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज कर ली है। फिलहाल आरोपियों का कोई अता पता नहीं है,लेकिन आरोपियों का पतारसी शुरू कर दी है। फुटेज के जरिए आरोपियों का पता लगाकर उन्हें पकड़ लिया जाएगा।

**सतीश सिंह चौहान**
**टीआई,कोतवाली श्योपुर**

# गुमटी में लगा दी आग, 40 हजार का नुकसान, नामजद आरोपी पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

शहर के गुरूद्वारे के पास खाली प्लाट में रखी एक गुमटी में नामजद आरोपी ने बीती देर शाम को उस समय आग लगा दी,जब गुमटी मालिक मौके पर नहीं था, आग से गुमटी में रखा सारा सामान जलकर स्वाहा हो गया,जिससे गुमटी मालिक को करीब 40 हजार रूपए का नुकसान पहुंचा है। पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

कोतवाली थाना पुलिस ने बताया कि रामबाबू पुत्र छोटू लाल आर्य निवासी गुरूद्वारे के पास हाल गांधीनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 16 अक्टूबर की देर शाम पौने सात बजे के आसपास शमशेर सिंह पुत्र बाबू खां निवासी गुरूद्वारे के पास ने मेरी गुमटी में आग लगा दी। जिसके बारे में मुझे रतन ने फोन करके बताया। गुमटी में रेडीमेड कपडे रखे थे,जिन्हे मै फुटपाथ पर रखकर बेचने का काम करता हूं। आग से गुमटी में रखे सारे कपडे जल गए,जिससे करीब 40 हजार रूपए का नुकसान हो गया। इस मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने शमशेर सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### आकांक्षी विकासखंडों की समीक्षा बैठक संपन्न

# हर पात्र हितग्राही तक लाभ पहुंचाने का रखें लक्ष्यः आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



जिला पंचायत सभागार में शनिवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौम्या आनंद की अध्यक्षता में आकांक्षी विकासखंडों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में तीनों विकासखंडों की प्रगति की समीक्षा की गई।

इस अवसर पर प्रभारी जिला योजना अधिकारी गिर्राज शर्मा, डीपीओ महिला बाल विकास महेन्द्र कुमार अम्ब, जनपद सीईओ कराहल राकेश शर्मा, सहायक संचालक शिक्षा यश जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद ने संबंधित अधिकारियों को आंकाक्षी विकासखण्ड के सूचकांको में उल्लेखनीय प्रगति लाने के निर्देश दियें, महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देशित किया गया कि जन्म से कम वजन वाले बच्चों के लिए डायट चार्ट तैयार किया जाए। साथ ही आंगनबाडी केन्द्रों में बच्चों के संपूर्ण पोषण पर फोकस किया जायें। उन्होने कहा कि पीएम जनमन योजना, धरती आबा योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान भारत योजना जैसी जनहितैषी योजनाओं में अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। सीईओ सौम्या आनंद ने फंक्शनल टॉयलट, एमपीसी, स्वास्थ्य एवं शिक्षा से संबंधित सूचकांक में सुधार के लिए संबंधित विभागों को ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए और कहा कि आकांक्षी विकासखंडों की प्रगति में तेजी लाने हेतु समन्वयपूर्वक कार्य आवश्यक है।

# मवेशी चराने गए ग्रामीण पर जंगली जानवर ने किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

विजयपुर विकासखंड के हुल्लपुर गांव में मवेशी चराने गए ग्रामीण पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया। बुरी तरह घायल हुए ग्रामीण की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे इलाज के लिए विजयपुर अस्पताल से मेडिकल कॉलेज ग्वालियर रेफर कर दिया है।

जानकारी के मुताबिक विजयपुर विकासखंड के ग्राम हुल्लपुर निवासी सिद्धनाथ रावत पर जंगली जानवर ने उस समय हमला कर दिया, जब वह अपने मवेशियों को पानी पिलाने गया था,हमले में गंभीर रूप से घायल सिद्धनाथ को परिजन विजयपुर अस्पताल लेकर पहुँचे, जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कॉलेज ग्वालियर के लिए रैफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही तहसीलदार अमिता सिंह तोमर ने मौके पर पहुँच कर जानकारी लेते हुए एसडीएम को अवगत कराया।

#### तम्बाकू मुक्त युवा अभियान की बैठक 27 को

**श्योपुर।** कलेक्टर अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में तम्बाकू मुक्त युवा अभियान से संबंधित साप्ताहिक गतिविधियों को लेकर बैठक 27 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक के पश्चात आयोजित की जायेगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्योपुर, सीईओ जिला पंचायत, जिला अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# महिला स्व सहायता समूहों को नहीं मिला मानदेय, सूखी मनेगी दिवाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

सरकारी स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों पर भोजन नाश्ता पका कर खिलाने वाले महिला स्व सहायता समूहों को बीते 4 महीना से मानदेय नहीं मिला है जिसके चलते उनके परिवार में दीपावली मनाने का संकट आन खड़ा हुआ है। यह बात शुक्रवार को कलेक्टर के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपने पहुंची प्रांतीय महिला समूह संघ की जिलाध्यक्ष सुनीता नायक ने कलेक्ट्रेट अधीक्षक दिलीप बंसल को ज्ञापन सौंपते हुए कही। ज्ञापन में उल्लेख किया है कि पीएम पोषण शक्ति योजना के तहत कक्षा 1 से आठवीं तक के सरकारी स्कूलों एवं आंगनबाड़ियों में बच्चों को भोजन नाश्ता बनाकर खिलाने की जिम्मेदारी महिला स्व सहायता समूहों दी गई है जिले के सभी सरकारी स्कूलों का आंगनबाड़ियों में महिला समूह यह काम ईमानदारी के साथ व अच्छे से कर रहे हैं इसकी बानगी समय-समय पर अधिकारियों द्वारा किए जाने वाला निरीक्षण है बीते 4 महीना से समूहों के खातों में बनाए जाने वाले भोजन नाश्ते का मानदेय नहीं आया है जिससे बाजार में उन्हें उधर मिलना भी बंद हो गया है। यही हाल स्कूलों में भोजन बनाने वाली रसोइयायों का भी हो रहा है बीते 3 महीने से उन्हें भी वेतन नहीं दिया गया है जिससे उनकी दिवाली भी सूखी ही मन रही है। समूह संघ ने दीपावली के त्यौहार को ध्यान में रखते हुए तत्काल महिला स्व सहायता समूहों ओर रसोइयायों के खातों में राशि डाले जाने की माग की है।




### नपा कर्मचारियों को लेकर दिनभर चला हाई वोल्टेज ड्रामा

# सात दशक बाद भी नगर पालिका को आत्मनिर्भर नहीं बना पाए अब तक बनी परिषदों के जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



शुक्रवार को नगर पालिका कर्मचारियों को वेतन दिलाने के लिए चले हाई वोल्टेज ड्रामा के बाद शनिवार को कर्मचारियों के खातों में वेतन डाल दिया गया लेकिन इसे ऐसा प्रदर्शित किया जा रहा है जैसे कर्मचारियों को वेतन नहीं दीपावली का बोनस दिया गया हो। 3 माह से वेतन को तरस रहे नपा कर्मचारियों ने पहले शुक्रवार को विरोध स्वरूप भीख मांग कर विरोध दर्ज कराया इसके बाद पूर्व नपाध्यक्ष दौलत राम गुप्ता और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका पहुंच कर सीएमओ और कर्मचारियों को वेतन न दिए जाने पर आड़े हाथों लिया इस दौरान कांग्रेस नेताओं की वहां मौजूद भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र जाट से खूब हॉट टॉक भी हुई। इसके बाद कलेक्टर के प्रतिनिधि के रूप में पहुंचे डिप्टी कलेक्टर संजय जैन ने वेतन डलवाने का आश्वासन देकर हड़ताल समाप्त कराई। बाद में (शनिवार को) सीएमओ आरआर यादव की ओर से सोशल मीडिया पर स्टेटमेंट जारी किया गया कि सभी कर्मचारियों के खातों में वेतन डाल दिया गया है। कर्मचारियों से सीएमओ और भाजपा नेताओं के नारे लगवाए गए। प्रश्न यह उठ रहा है कि कर्मचारियों के वेतन देने को भी उपलब्धि मानने मानने वाली वर्तमान परिषद ओर उससे पहले की परिषदों ने ऐसे प्रयास क्यों नहीं किए जिससे कम से कम कर्मचारियों को तो वेतन मांगने के लिए आंदोलन न करना पड़ता।

सीएमओ वेतन में देरी को टीटी नहीं आने का कारण बताते हैं, लेकिन वेतन नहीं मिलने की समस्या सिर्फ टीटी (चुंगी क्षतिपूर्ति) ही नहीं बल्कि नगर पालिका द्वारा आमदनी से अधिक खर्च करना भी है। इसकी बानगी नगर पालिका के पास पहले से चार वाहन होने के बावजूद हाल ही में खरीदी गई नई लग्जरी गाड़ी है हालत यह हो गई है कि संविदा कर्मचारी को भी अफसर बनाकर लग्जरी गाड़ी में घुमाया जा रहा है। अनावश्यक कामों के लिए डीजल पेट्रोल पर रुपया खर्च किया जा रहा है। यह कोई पहला अवसर नहीं है जब कर्मचारियों को दो माह से वेतन नहीं मिला हो दो और तीन माह का वेतन चढ़ जाना आम बात हो गई है। दिवाली से पहले भी 3 माह का वेतन कर्मचारियों पर चढ़ा हुआ था जिसके लिए वो पहले भी आंदोलन कर चुके हैं। हालांकि तब कर्मचारियों ने वेतन के साथ-साथ एरिया और बोनस की मांग भी की थी लेकिन नपा उनके बैंक खातों में सिर्फ़ वेतन ही डाल सकी है।

#### टीटी पर किसका अधिकार?

जिस टीटी के कम आने की बात कह कर कर्मचारियों का वेतन रोका जा रहा है उस टीटी पर अधिकार किसका है, यह भी चर्चा का विषय बन गया है। अभी तक टीटी का उपयोग कर्मचारियों के वेतन बांटने के लिए ही किया जाता रहा है लेकिन यह वेतन नगर पालिका में परमानेंट कर्मचारियों को पहले दे या संविदा कर्मचारियों को? नियम बताते हैं कि जो कर्मचारी परमानेंट है नपा उन्हें अपनी मद से वेतन दें और नगर पालिका के पास अतिरिक्त कर्मचारी लगाने के लिए पैसा है तो वह अतिरिक्त कर्मचारी लगाए अन्यथा जितने साधन है उनसे उनका उपयोग नपा करें।

#### अंडर टेकिंग से ओर बिगड़ सकती है समस्या

कर्मचारियों का वेतन शासन से टीटी नहीं आने के कारण अटक रहा था दरअसल शासन चुंगी क्षतिपूर्ति के रूप में नगर पालिका को हर माह करीब 72 लाख रुपए अदा करती है इस रुपए में से सरकार नगर पालिका की बिजली बिल काटकर बाकी राशि नगरपालिका को भेजती रही है, इसके बावजूद बिजली कंपनी बिल भेज रही है, जिसका विरोध होता रहा लेकिन अब सरकार ने सीएमओ से अंडरटेकिंग लेने के बाद ही टीटी भेजी है दरअसल टीटी में से कटौती होने के बाद भी बिजली कंपनी नपा को बकाया बिल जमा करने का नोटिस भेजती रहती है। इसकी शिकायत पर सरकार ने टीटी रोक दी और सीएमओ से यह अंडर टेकिंग लेकर कि बिजली का बिल नपा भर देंगी उसमें से बिजली बिल की राशि न काटी जाए। इस अंडरटेकिंग के बाद उम्मीद की जा रही थी कि टीटी के रुके हुए पूरे बेहतर लाख रुपए नगर पालिका को प्राप्त होंगे लेकिन यह राशि सिर्फ 31 लाख रुपए ही आई है जिससे स्थिति और अधिक बिगड़ने की संभावना है क्योंकि अब 31 लाख रुपए अगर हर माह आए तो फिर बिजली का बिल नगर पालिका कहां से भरेगी जिसका वादा अंडरटेकिंग के माध्यम से सीएमओ सरकार को दे चुके हैं।

#### पत्र भिजवाया है

सभी कर्मचारियों के खातों में दीपावली पूर्व वेतन डाल दिया गया है। टीटी में कटौती हो रही है इसकी शिकायत हमने की है। बिजली कंपनी का बिल नगर पालिका खुद जमा कर करेगी लेकिन टीटी पूरी आना चाहिए टीटी पर नपा का अधिकार है। इस बार भी टीटी कम आने से परेशानी हुई है। इस संबंध मे शासन को कलेक्टर के माध्यम से पत्र भिजवाया जाएगा।

**आरआर यादव**
**सीएमओ श्योपुर**

# आज गरीब लाचारों के बीच पहुंच कर दीपावली मनाएंगे समाजसेवी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

किसी परिवार के घर तक दीपावली खुशियां गरीबी के कारण द्वार से वापस न लौट जाएं इस उद्देश्य से हर साल की तरह इस साल भी समाजसेवी उनके घरों तक पहुंचकर परिवार ओर बच्चों को दीपावली गिफ्ट भेंट कर उनके साथ दीपावली मनाएंगे। इस क्रम में समाजसेवी कैलाश पाराशर की टीम इस साल कराहल विकासखंड के कपिला गांव में रविवार को पहुंचकर गरीबों के साथ दिवाली मनाएंगे और उन्हें दीपावली का गिफ्ट खिलौने, पटाखे, मिठाई आदि उपहार में देंगे। इस संबंध में समाजसेवी कैलाश पाराशर ने बताया कि विगत 15 वर्षों पूर्व शहर के कुछ लोगों ने मुस्कान अभियान की शुरुआत की जिसके तहत दूरस्थ अंचल के किसी सहरिया बहुल ग्राम में पहुंच कर दीपावली मनाने का विचार किया गया तथा गत 15 वर्षों से ऐसे ग्राम का चयन कर तथा वहां लोगों की संख्या का सर्वे कर नए कपड़े,मिठाई, आतिशबाजी,के साथ उनके बीच जाकर दीपावली मनाते हैं जिसे सार्थक दीपावली नाम दिया गया है। इसी क्रम में इस वर्ष सेसई पुरा से 20 किमी दूर स्थित ग्राम कटीला का चयन किया गया है जहां छोटी दीपावली नरक चतुर्दशी दिनांक 19 अक्टूबर के दिन पहुंच कर महिलाओं व बच्चों को नवीन वस्त्र दिये जायेंगे साथ ही मिठाई का वितरण कर आतिशबाजी की सामग्री भी भेंट की जायेगी।




#### दीपोत्सव के तहत आयोजित हुई ज्ञान वर्धक प्रतियोगिता

**श्योपुर।** महात्मा गांधी सेवा आश्रम द्वारा इंपैक्ट के सहयोग से संचालित बालिका शिक्षा कार्यक्रम के तहत शनिवार को श्योपुर जिले के 45 गांव में 46 बालिका शिक्षा कार्यक्रम केन्द्रों पर दीपावली पर्व का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ज्ञान वर्धक प्रतियोगिता भी आयोजित कराई गई जिसमें सभी बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। दीपों का त्यौहार बालिका शिक्षा कार्यक्रम केन्द्रों पर उल्लाह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर सभी ने अपने-अपने हिसाब से पेंटिंग चित्रकलाएं अपनी अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। कार्यक्रम के एडवाइजर जयसिंह जादौन ने बताया कि जिले की ऐसी बालिकाएं जो पढ़ाई छोड़कर घर बैठ गई या स्कूल में नाम लिखा है लेकिन पढ़ने नहीं जाती उन बालिकाओं में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाकर उन्हें शिक्षा की सतत प्रक्रिया में जोड़े रखने कार्य संस्था द्वारा किया जा रहा है ताकि जिले में बालिका शिक्षा का स्तर बढ़े। कार्यक्रम में समन्वयक राधावल्लभ जागिड़ सुपरवाइजर रामनरेश सेन महावीर मीणा योगेश कुमार बैरवा बिवेक शर्मा सहित सभी 46 शिक्षक शिक्षिकाओं की सराहनीय भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### 23 को भाईदूज पर रहेगा स्थानीय अवकाश

**अशोकनगर।** कलेक्टर द्वारा वर्ष 2025 हेतु जिले के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित किये गए थे। जारी घोषित अवकाश के तहत भाईदूज 23 अक्टूबर को सम्पूर्ण जिले में स्थानीय अवकाश रहेगा। उक्त अवकाश जिले के कोषालय/उपकोषालय के लिये लागू नहीं रहेगा।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से किसान की हुई मौत

**अशोकनगर।** जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत एक सड़क दुर्घटना में अमरौद सदद्‌ू निवासी अमरचन्द पुत्र मन्नू जाटव उम्र 38 साल की मौत हो गई। उसे किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी वह बदरवास से सरसों का बीज खरीदकर घर लौट रहा था। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### जिले में मारपीट की घटनाओं के अनेक मामले दर्ज किए



**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोलुआ रोड़ अशोकनगर निवासी जगदीश राय ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गोविंद शर्मा और मनिया चैहान ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। दूसरे पक्ष की ओर से मनिया चैहान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि जगदीश राय और विवेक शर्मा ने उससे मारपीट की और जान से मारनेकी धमकी दी। शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत शाढ़ौरा निवासी जीनत बी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रानी बी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत मायापुर जिला शिवपुरी निवासी सुनील आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मायाराम आदिवासी ने उससे मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बहेरिया निवासी सुनील जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मोहन जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत गायत्री मंदिर गली अशोकनगर निवासी कमलसिंह रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हल्की बाई रघुवंशी ने फरियादी व उसके लड़के से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत खड़यिा मोहल्ला मुंगावली निवासी मेहरवान कौली ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी इरफान खान ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भ्याना निवासी रामकिशोर दांगी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजेन्द्र सिंह और भूपेन्द्र दांगी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। दूसरे पक्ष की ओर से राजेन्द्र सिंह दांगी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रामकिशोर, मनीष, टिंकू दांगी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कौचा डैम निवासी गंगाबाई मोगिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी प्रमोद, राजू और ममतबाई मोगिया ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## पीएम जनमन योजना में बेस्ट परफॉर्मिंग डिस्ट्रिक्ट के लिए मिला सम्मान

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शिवपुरी कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित नेशनल कॉन्क्लेव आदि कर्मयोगी अभियान के तहत पीएम जनमन योजना में उत्कृष्ट कार्य के लिए देश में सर्वश्रेष्ठ जिलों एवं मध्यप्रदेश के एक मात्र शिवपुरी जिले को बेस्ट परफॉर्मेंस जिले के रूप में राष्ट्रीय सम्मान मिला हैं। शुक्रवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित नेशनल कॉन्क्लेव में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रधानमंत्री जनमन योजना में बेस्ट परफॉर्मिंग डिस्ट्रिक्ट के लिए शिवपुरी कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी को सर्टिफिकेट एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस दौरान आदि जाति कल्याण विभाग के जिला संयोजक राजकुमार सिंह एवं एसआरएलएम के जिला प्रोजेक्ट मैनेजर अरविंद भार्गव, आदि कर्मयोगी योगी अभियान के जिला मास्टर ट्रेनर्स नंदकिशोर

**प्रधानमंत्री जनमन योजना में शिवपुरी देश का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला जिला घोषित**



शर्मा एवं ० या ख या ता जी.एम.खांन, विकास गोयल भी उपस्थित रहें।

शिवपुरी जिले में पीएम जनमन योजना में कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी के नेतृत्व में व्यवस्थित कार्ययोजना बनाकर चरणबद्ध तरीके से क्रियान्वयन किया जा रहा हैं। शिवपुरी जिले में पीएम जनमन योजना के तहत आदिवासी हितग्राहियों के लिए चलाई जा रही इस योजना में जिले में अभी तक 29000 से अधिक आवास निर्मित हो चुके हैं। पूरे देश में सबसे ज्यादा आवास शिवपुरी जिले में निर्मित हुए हैं। इसके साथ ही आदि कर्मयोगी योगी अभियान के अंतर्गत डिस्ट्रिक प्रोसेस लैब के माध्यम से ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण देकर जिले में चिन्हित ग्रामों में ट्रांजिट वॉक, ग्राम सभाओं का आयोजन इत्यादि गतिविधियों के माध्यम से इन जनजातीय बाहुल्य ग्रामों के समग्र विकास का विजन प्लान तैयार किया गया हैं।

### ग्राम पंचायत स्तर की समस्याओं का वहीं हो सकेगा निराकरण

उन्होंने बताया कि अभियान के तहत चिन्हित गांवों में आदि सेवा केन्द्र बनाए गए है। यहां ग्राम व विकासखंड स्तर के अधिकारियों के नाम और नंबर दीवार पर चस्पा किए गये हैं। ये सभी अधिकारी सप्ताह में एक दिन गांव आकर बैठक लेकर गांव की समस्याओं पर ग्रामीणों से चर्चा करेंगे। इसके बाद ग्राम पंचायत स्तर की समस्याओं का वही निराकरण किया जाएगा, जबकि विकासखंड स्तर का विकासखंड व जिला स्तर की समस्याओं का जिला स्तर से निराकरण किया जाएगा। इन आदि सेवा केन्द्रो का संचालन आदि साथी,आदि कर्मयोगी, आदि विद्यार्थी के आपसी सहयोग एवं समन्वय से किया जा रहा है। सम्मान प्राप्ति के बाद कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने कहा कि यह सम्मान शिवपुरी जिले के प्रत्येक अधिकारी, कर्मचारी और जनप्रतिनिधि के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। इस सफलता में सभी का योगदान अहम रहा है। उन्होंने विशेष रूप से तत्कालीन जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी एवं हिमांशु जैन तथा तत्कालीन जिला संयोजक राजेन्द्र कुमार जाटव के उल्लेखनीय योगदान की सराहना की। इन अधिकारियों के अथक प्रयासों से शिवपुरी जिले में प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत आशातीत परिणाम प्राप्त हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड निर्माण, ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आवास पूर्णता और अन्य विभागों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों से यह संभव हो सका है।

### अभियान के शामिल सभी ग्रामों में बनाया गया विलेज एक्शन प्लान

प्रत्येक गांवों में 2 अक्टूबर से ग्राम सभाओं का आयोजन कर विलेज एक्शन प्लान 2030 तैयार किया गया है। इसमें गांव की समस्याओं, लोगों की आवश्यकताओं, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, रोजगार उपलब्ध कराने जैसे कई हितग्राही मूलक विषयों पर काम किया जा रहा है। योजना के तहत 17 विभाग मिलकर इन गांवों में कार्य करेंगे बिजली, पानी सड़क जैसे सामुदायिक कार्यों के लिए प्लानिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि सभी गांवो का अलग-अलग प्लान बनाया गया है। वहां से इसे विकासखंड स्तर और फिर जिला स्तर पर भेजा जाएगा। इसके बाद जिला स्तर पर सभी गांवो का सामूहिक प्लान तैयार किया जा रहा है। इससे यह तय किया जाएगा कि किस जगह क्या काम होना है, इसके बाद प्लान राज्य व केन्द्र सरकार को भेजा जाएगा।

### 17 विभागों के समन्वय से हो रहा अभियान का संचालन

आदि कर्मयोगी अभियान के तहत शासन के 17 विभाग मिलकर इन गांवों की तस्वीर बदलने के लिए कार्य किया गया है। योजना के तहत जनजाति कार्य विभाग द्वारा जिले के 8 विकासखंड के समस्त आदिवासी बाहुल्य गांवों का चयन किया गया हैं, जहां सभी विभागों के समन्वय से विभिन्न कार्य किया जा रहा है। साथ ही ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। योजना के तहत सभी गांवों में आदि सेवा केन्द्र बनाए गये है।

# धारा की आग से दिनारा में पुलिस का रुख सख्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ दिनारा

धार जिले में एक पटाखा दुकान में लगी भीषण आग से आस-पास की कई दुकानें जलकर खाक हो गईं इस घटना के बाद पूरे शिवपुरी जिले में हड़कंप मच गया सुरक्षा को लेकर गंभीर हुई प्रशासन और पुलिस ने अब सख्ती बढ़ा दी है दिनारा कस्बे में भी पटाखों की बिक्री को लेकर पुलिस का सख्त रुख सामने आया है। दिनारा पुलिस ने इस बार फुल प्रूफ तैयारी की है थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह चौहान ने स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि कोई भी दुकानदार टेंट नहीं लगाएगा, केवल चद्दर या साधारण ढांचे का उपयोग ही किया जा सकेगा।

### चद्दर लगाओ तभी लाइसेंस मिलेगा थाना प्रभारी

थाना प्रभारी चौहान ने कहा, जो दुकानदार हमारी शर्तों का पालन नहीं करेगा, उसे लाइसेंस जारी नहीं किया जाएगा टेंट लगाना पूरी तरह प्रतिबंधित है अगर दुकान पर चद्दर का सीमित उपयोग होगा, तभी हम लाइसेंस जारी करेंगे यह सब आपकी और लोगों की सुरक्षा के लिए है

### रेस्ट हाउस पर 30 दुकानों के सामने सुरक्षा की चुनौती

दिनारा के रेस्ट हाउस मैदान में लगभग 30 पटाखा दुकानों की अस्थायी अनुमति दी गई है, लेकिन इन दुकानों के सामने कई तरह की चुनौतियाँ हैं जगह की कमी, सुरक्षा मानकों का पालन, और बढ़ती पुलिस निगरानी। वहीं, प्रशासन और पुलिस के लिए भी यह एक बड़ी परीक्षा है कि वे जिम्मेदार अधिकारियों के बनाए गए नियमों को किस तरह सख्ती से लागू करवा पाते हैं। दुकानदारों का कहना है कि नियम इतने सख्त कर दिए गए हैं कि उन्हें दुकान लगाने में भी कठिनाई हो रही है। लेकिन पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता सुरक्षा है, और बीते हादसों को देखते हुए अब कोई समझौता नहीं किया जाएगा

### प्रशासन की अपील

प्रशासन ने सभी दुकानदारों से अपील की है कि वे थाना प्रभारी द्वारा बताए गए नियमों का पूरी तरह पालन करें उल्लंघन की स्थिति में न सिर्फ लाइसेंस रद्द होंगे बल्कि कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी। नियमों का पालन करें सुरक्षित रहें, सुरक्षित रखें।

बंदियों से खुली मुलाकात के लिए जारी दिशा-निर्देश

# भाईदूज पर सजेगा ललाट, जेल की दीवारें नहीं रोकेंगी रिश्तों की डोर

**शिवपुरी।** दीपावली के शुभ अवसर पर भाईदूज के दिन बंदियों और उनके परिजनों के बीच स्नेह और रिश्ते की डोर को फिर से जोड़ने की पहल की गई है। सर्किल जेल शिवपुरी प्रशासन ने इस पावन पर्व पर विशेष व्यवस्था करते हुए 23 अक्टूबर को जिले की सभी जेलों में बंदियों की खुली मुलाकात की अनुमति दी है। जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, सर्किल जेल शिवपुरी, जिला जेल गुना, अशोकनगर, श्योपुर, तथा सब जेल पोहरी, कोलारस, पिछोर, करैरा और चांचौड़ा में बंदियों को अपने परिजनों से भेंट करने का अवसर मिलेगा। जेल अधीक्षक द्वारा जारी निर्देशों के मुताबिक, भाईदूज के दिन पुरुष बंदियों से केवल उनके परिवार की महिला सदस्य और 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों को ही मिलने की अनुमति दी जाएगी। प्रत्येक बंदी के लिए अधिकतम 10 मिनट का मुलाकात समय निर्धारित किया गया है।

मुलाकात का समय सुबह 9:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक रहेगा। प्रवेश के समय सभी आगंतुकों को वैध पहचान पत्र (आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र या पैन कार्ड) लाना अनिवार्य रहेगा। जेल परिसर में मोबाइल, नकदी, पर्स या



अन्य कीमती सामान ले जाना प्रतिबंधित होगा। साथ ही मुलाकात के दौरान परिजन केवल 250 ग्राम तक मिठाई, गजक या सोनपपड़ी लेकर जा सकेंगे। अन्य किसी भी खाद्य सामग्री को भीतर ले जाना सख्त वर्जित रहेगा।

जेल प्रशासन ने सभी बहनों के लिए पूजा थाल की विशेष व्यवस्था भी की है, जिसमें हल्दी, कुमकुम, चावल आदि सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी ताकि बहनें अपने भाइयों का तिलक कर सकें। जेल अधीक्षक ने अपील की है कि सभी परिजन निर्धारित नियमों का पालन करते हुए भाईदूज पर्व को अनुशासित, शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं।

## अब सामुदायिक स्तर पर भी उपलब्ध उन्नत प्रसूति सुविधा

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिछोर में शुरू होगी सर्वाइकल सर्लेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

जिले के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक कदम बढ़ाते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिछोर में सर्वाइकल सर्लेज ऑपरेशन की सुविधा शुरू की गई है। इस पहल के साथ पिछोर मध्यप्रदेश का पहला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बन गया है, जहां पर यह जटिल और विशेषज्ञता वाली चिकित्सा प्रक्रिया अब स्थानीय स्तर पर भी उपलब्ध है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय ऋषीश्वर के मार्गदर्शन में तथा खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव साण्डे के सहयोग से स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. बृजेश शर्मा द्वारा 15 अक्टूबर को यह ऑपरेशन सफलता पूर्वक सम्पन्न किया गया। यह उपलब्धि न केवल स्वास्थ्य विभाग के लिए गर्व का विषय है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में मातृ स्वास्थ्य सुरक्षा के क्षेत्र में एक सशक्त पहल भी है।

डॉ. शर्मा ने बताया कि ग्राम सिलपुरा (विकासखण्ड खनियांधाना) की 22 वर्षीय



आदिवासी गर्भवती महिला, जिसके पहले दो गर्भपात हो चुके थे। उक्त महिला की जांच में पाया गया कि बच्चेदानी की ग्रीवा कमजोर पाई गई। ऐसी स्थिति में गर्भ के संरक्षण हेतु सर्वाइकल सर्लेज ऑपरेशन किया गया। 15 अक्टूबर को ऑपरेशन सफलतापूर्वक सम्पन्न होने के बाद महिला को 18 अक्टूबर को पूर्णतः स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया। महिला को अस्पताल द्वारा सभी आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएँ एवं दवाएँ निशुल्क प्रदान की गईं। ऑपरेशन टीम में डॉ. वैभव गुप्ता (एनेस्थेटिक), राजो लोधी, दिव्यराज श्रीवास्तव, सपना वंशकार, सरोज वंशकार, शोएब मोहम्मद (लैब टेक्नीशियन) एवं राजेश भारती (ओ.टी. अटेन्डर) का सराहनीय सहयोग रहा। यह उल्लेखनीय है कि अब तक इस प्रकार के ऑपरेशन केवल जिला चिकित्सालयों या मेडिकल कॉलेजों में ही किए जाते थे, किंतु अब यह सुविधा सामुदायिक स्तर पर भी उपलब्ध हो गई है।

# जिला जेल में बंदियों को साक्षर करने के लिए प्रदाय की गई पठन-पाठन सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

नई शिक्षा नीति 2020 के अध्याय 21 के अनुसार सबके लिए शिक्षा के क्रम में पूरे देश भर में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशानुसार शुक्रवार को जिला जेल में बंदीयों को साक्षर करने के लिए पठन-पाठन सामग्री प्रदाय की गई। जिसमें रोलर बोर्ड ,वर्णमाला चार्ट ,फ्लेक्स, चैक बत्ती, अक्षर पोथी आदि सामग्री प्रदाय की गई। राहुल शर्मा डीपीसी ने बताया कि अशोकनगर जिले में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत वर्ष में दो बार परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं जिसमें राज्य द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुसार नव साक्षरों को परीक्षा में सम्मिलित किया जाता है उसी के क्रम में जिला

**अशोकनगर जिले में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत**



जेल में बंदियों को साक्षर करने के लिए सामाग्री प्रदाय की गई है। जेल अधीक्षक ललित दीक्षित ने बताया कि वह बंदियों को एक निश्चित समय सीमा में साक्षर करने पहल चालू कर रहे हैं उसके क्रम में बंदी शिक्षित होकर स्वरोजगार से जुड़े एवं शिक्षा के महत्व को जाने इसी प्रयास को लेकर जिला जेल में उल्लास नवभारत साक्षरता के तहत सामाजिक चेतना केंद्र की स्थापना की गई है एवं इन बंदियों को पढ़ाने के लिए शिक्षक भी उपलब्ध कराए गए हैं। जिला सहसमन्वयक साक्षरता सतीश दुबे ने न्यू इंडिया लिटरेसी प्रोग्राम के एप्लीकेशन एवं पोर्टल पर कार्य की जानकारी दी जिससे बंदी परीक्षा में सम्मिलित होकर मार्कशीट प्राप्त कर सकें एवं शासन अभिलेख में पंजीकृत हो सकें। इस मौके पर जिला जेल अधीक्षक ललित दीक्षित, डीपीसी राहुल शर्मा एवं जिला सह समन्वयक साक्षरता सतीश दुबे एवं जिला जेल के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# विधायक प्रतिनिधि समेत दस जुआरी हार और जीत का दांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कचनार पुलिस ने भादोंन में चलाए जा रहे जुए के अडडे पर एसपी के निर्देश के बाद बड़ी कार्यवाही की है। जिसमें 10 जुआरी गिरफ्तार किये गए हैं। इन जुआरियों में सूरजभान यादव विधायक प्रतिनिधि है। इसके बाद विधायक ने सूरजभान को प्रतिनिधि पद से हटा दिया है। गुरूवार को रात्रि में पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम भादौन मे सूरजभान यादव के मकान पर कुछ लोग इक्कटे होकर ताश के पत्तो से रूपयो से हारजीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है, विशेष टीम गठित कर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया।

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर एवं एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कचनार उनि. पूनम सेलर, चैकी प्रभारी भादौन उनि. सुनील पुरवैया द्वारा ग्राम भादौन मे सूरजभान यादव के मकान से आरोपीगण 1. सूरजभान पुत्र लालाराम यादव उम्र-30 साल नि. ग्राम भादौन 2. विक्रम पुत्र तोरन सिंह यादव उम्र-40 साल नि. ग्राम बर्रा पिपरिया 3. संजीव पुत्र जानकी लाल शिवहरे उम्र-36 साल नि. ग्राम अथाईखेडा थाना बहादुरपुर 4. इरफान पुत्र सलीम बेग उम्र-20 साल नि. ग्राम सावन 5. महेन्द्र पुत्र मुन्नालाल बंजारा उम्र-35 नि. ग्राम श्यामपुर अथाईखेडा थाना बहादुरपुर 6. कुलदीप शर्मा पुत्र तीरन प्रसाद शर्मा उम्र-25 साल नि. ग्राम अथाईखेडा 7. राहुल कुर्मी पुत्र रामबाबू कुर्मी उम्र 32 साल निवासी गणेश कालोनी अशोकनगर 8. रहीश उर्फ लहीका पुत्र नूर खांन उम्र 22 साल नि. ग्राम सावन 9. आनंद शर्मा पुत्र शंकरलाल शर्मा उम्र-31 साल नि. ग्राम सावन 10. पुरुषोतम शर्मा पुत्र सचिन शर्मा उम्र-47 साल नि. ग्राम अथाईखेडा को गिरफ्तार किया है।

जप्त सामान की कुल 49,300 रुपये नगदी, 08 मोबाईल कीमती करीबन 95,000 रूपये एंव 03 मोटरसाईकिल एंव 01 स्कूटी कीमती 2,45,000 रुपये कुल मसरुका 3,89,300 रूपये को जप्त किया गया एंव आरोपीगण के विरूद्ध थाना कचनार में अप0क्र0 223/25 धारा 112(1) बीएनएस एवं 13 जुआ एक्ट पंजीवद्ध कर विवेचना में लिया गया एवं आरोपीगणों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जा रहा है।

# अंचलों में साइबर चौपाल की शुरुआत ग्रामीणों को कर रहे जागरूक: एसपी

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने अशोकनगर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि बढ़ते हुए साइबर फ्रॉड के मामलों को लेकर जिले में 3 दिन पहले साइबर चैपाल की शुरूआत की गई है और ग्रामीणों को साइबर क्राइम से बचने के लिए जागरूक किया जा रहा है। अभी इसकी शुरूआत हुई है आने वाले दिनों में इसे व्यापक रूप से चैपाल के माध्यम से चलाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पिछले दिनों नईसरायं में एक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी ग्रामीणों को जागरूक किया गया था। उन्होने कहा कि साइबर फ्रॉड का अगर मामला सामने आता है तो 24 घण्टे के अन्दर अगर प्रक्रिया पूरी कर ली जाए तो मदद मिलने की संभावना अधिक रहती है। जिसके लिए एक नम्बर 1930 जारी भी किया गया है लेकिन यह नम्बर व्यस्त आने की वजह से समय लग जाता है इसीलिए लोकल स्तर पर जिला पुलिस द्वारा एक नम्बर जारी किया जाएगा। उन्होंने बढ़ते साइबर फ्रॉड पर भी चिंता जताई तथा कहा कि जिले में साइबर थाना खोलने की योजना है। जल्द ही इसका क्रियान्वयन किया जाएगा।


उन्होंने कहा कि पिछले दिनों बमुरिया में हुई घटना को लेकर जांच अधिकारी बनाए गए हैं जो भी जांच में निष्कर्ष सामने आएगें उस आधार पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि आपका घर हमारी जिम्मेदारी राज्य सरकार का अभियान है इस अभियान के अंतर्गत पुलिस आपके घर की सुरक्षा करेगी। जिसकी सूचना आपको पुलिस को देना होगी कि आप घर से बाहर जा रहे हैं। उन्हें बताया गया कि वीट स्तर पर जो भी अधिकारी नियुक्त किए जाते हैं उनके नाम, मोबाइल नम्बर और जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के नम्बर हर वीट में लिखवाए जाएं ताकि लोगों को मदद मिल सके। नशे को लेकर भी पुलिस की कार्यवाही पहले भी होती रही है और आगे भी इस अभियान को चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में दीपावली पर होने वाले जुए को लेकर विशेष टीम का गठन किया गया है जो जुआ खेलने वाले लोगों पर कार्यवाही करेगी।

## जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक में लिए गए कई फैसले

# जल सरंचनाओं के साथ किसानों को पानी मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले की जल संरचनाओं से आगामी रबी फसल सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होने पर किसानों को मांग अनुसार जल संरचनाओं से निर्धारित एक पलेबा एवं एक या दो पानी उपलब्ध कराया जाए। जिससे कृषकगण समयानुसार अपनी फसलों के लिए सिंचाई कर उत्पादन प्राप्त कर सके। इस आशय के निर्देश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक में दिए। बैठक में चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, कार्यपालन यंत्री जलसंसाधन ए.के.अहिरवार,अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन, उपयंत्री तथा संबंधित विभागों के



अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत ने निर्देशित किया कि किसानों को माह नवम्बर 2025 के प्रथम सप्ताह में पलेबा हेतु पानी दिये जाने की शुरूआत की जाए। जल का अधिक से अधिक सदुपयोग हो इसकी सतत निगरानी रखी जाए। उन्होंने सिंचाई वसूली के संबंध में निर्देशित किया कि सिंचाई वसूली हेतु बडे बकायादारों की सूची तैयार कर सिंचाई वसूली की जाए। अमाही तालाब से अशोकनगर नगरपालिका को पेयजल के लिए जल प्रदाय किया जाता है। इस हेतु आरक्षित जल के अतिरिक्त जल की व्यवस्था रखी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि नहरों की साफ सफाई एवं सुधार कार्य समय सीमा में पूर्ण किया जाए। जिससे पानी टेल तक पहुंच सके। बैठक में बताया गया कि अशोकनगर जिले में 2 मध्यम, 31 लघु जलाशय तथा 21 बैराज/स्टाप डेम/वीयर सिंचाई योजनाएं इस प्रकार कुल 54 जल संरचनाएँ निर्मित है। सभी संरचनाओं/ जलाशयों की कुल रूपांकित जल भराव क्षमता 106.40 मि.घ.मी. है। 15 अक्टूबर की स्थिति में उक्त कुल 54 जल संरचनाओं में सिंचाई हेतु 104.278 मि.घ.मी. जल उपलब्ध है। अशोकनगर जिले में वर्ष 2025-26 हेतु 20509 हैक्टेयर क्षेत्र में रबी सिंचाई किया जाना प्रस्तावित है। संभाग अशोकनगर की 02 मध्यम योजनाओं (कॉचा/मोला) से 6820 हैक्टेयर में, 31 लघु योजनाओं से 9445 हेक्टेयर में एवं 21 बैराजों/स्टाप डेम/वीयर से 4244 हैक्टेयर में इस प्रकार कुल 54 योजनाओं से 20509 हैक्टेयर क्षेत्र में रबी सिंचाई प्रस्तावित है। अशोकनगर जिले की सीमा के अन्तर्गत राजघाट परियोजना की मुख्य बांयी तट नहर प्रणाली की आरडी ० मी. से 28000 मी. स्थित है जिनसे वितरिकाएं एवं माईनर निकलती है।